दिनांक–26.07.2024
समय–7.10एएम
आकाशवाणी, भोपाल

सबसे पहले इस बुलेटिन के मुख्य समाचार :–

- आज कारगिल विजय दिवस मनाया जा रहा है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी कारगिल युद्ध स्मारक जाएंगे, शहीदों को देंगे श्रद्धांजलि।
- राज्य में व्यापक बारिश से कई जिलों में बाढ़ की स्थिति। बरगी बांध के पानी को लेकर निचले क्षेत्रों को सतर्क रहने को कहा गया।
- कोयंबटूर में इंवेस्ट एमपी सम्मेलन में 3 हजार 5 सौ करोड़ रूपये के निवेश प्रस्ताव मिले।
- रीवा के गांविंदगढ़ में सफेद शेरों का ब्रिडिंग सेंटर जल्द शुरू होगा।

## कारगिल विजय दिवस–पीएम

आज कारगिल विजय दिवस है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी आज पच्चीसवें कारगिल विजय दिवस के अवसर पर कारगिल युद्ध स्मारक जायेंगे। वे कर्त्तव्य का निर्वहन करते हुए सर्वोच्च बलिदान देने वाले सैनिकों को श्रद्धांजलि अर्पित करेंगे। प्रधानमंत्री ने एक सोशल मीडिया पोस्ट में कहा कि यह दिवस देश के रक्षको को श्रद्धा सुमन अर्पित करने का दिन है। श्री मोदी ने यह भी बताया कि शिंकुन ला सुरंग परियोजना का काम आज से आरंभ होगा। प्रधानमंत्री वर्चुअल रूप से शिंकुन ला सुरंग परियोजना का पहला विस्फोट करेंगे। यह परियोजना विशेषकर खराब मौसम के दौरान लेह से बेहतर संपर्क बनाए रखने के लिए महत्वपूर्ण है। लगभग पंद्रह हजार आठ सौ फीट की ऊंचाई पर बनाई जाने वाली चार दशमलव एक किलोमीटर लंबी सुरंग लेह को हर मौसम में कनेक्टिविटी प्रदान करेगी। निर्माण कार्य पूरा होने पर यह विश्व की सबसे ऊंची सुरंग होगी। यह सुरंग न केवल हमारे सशस्त्र बलों और उपकरणों की तीव्र और कुशल आवाजाही सुनिश्चित करेगी बल्कि लद्दाख में आर्थिक और सामाजिक विकास को भी बढ़ावा देगी।

## प्रदेश–कारगिल विजय दिवस

प्रदेश में कारगिल के शहीदों की याद में कार्यक्रमों का आयोजन किया गया है। इंदौर जिले में स्टेशन मुख्यालय महू छावनी एवं सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय के केन्द्रीय संचार ब्यूरो द्वारा कारगिल विजय दिवस–रजत जयंती महोत्सव का आयोजन किया जा रहा हे। इस अवसर पर स्टेशन मुख्यालय महू छावनी द्वारा हथियार एवं उपकरणों का प्रदर्शन किया जाएगा। साथ ही भारतीय सेना के जवानों द्वारा पाईप बैंड की प्रस्तुति की जाएगी। इस अवसर पर वीर नारी सम्मान भी किया जाएगा। इस दौरान कारगिल वार पर केन्द्रित दो दिवसीय प्रदर्शनी भी लगाई जा रही है। प्रदर्शनी के दौरान शासकीय कलाकारों द्वारा सांस्कृ तिक प्रस्तुतियां दी जाएगी। आंगतुको के लिए प्रश्नमंच का आयोजन होगा, सही जवाब देने वाले पुरस्कृत होगे।

## रीवा–सफेद शेर

रीवा ज़िले के गोविन्दगढ़ में सफेद शेरों के ब्रीडिंग सेंटर का कार्य शीघ्र प्रारंभ होगा। उप मुख्यमंत्री राजेन्द्र शुक्ल ने कल गोविंदगढ़ में कहा कि क्षेत्र की पहचान सफेद शेर से है। विन्ध्य क्षेत्र में सफेद शेरों की वापसी हो गई है। शीघ्र ही गोविंदगढ़ में पूर्व से स्वीकृत सफेद शेर के ब्रीडिंग सेंटर का कार्य प्रारंभ होगा। उन्होंने कहा कि अमिलकी की नहर की पुलिया के घुमाव को सीधा कराया जाएगा तथा गोविंदगढ़ घाट की सड़क का सुधार कार्य तत्काल होगा। उन्होंने कहा कि रीवा जिले में बाणसागर की नहरों से तीन लाख एकड़ क्षेत्र में सिंचाई हो रही है। आने वाले पाँच वर्षों में 9 लाख एकड़ क्षेत्र में सिंचाई की सुविधा मिलेगी। श्री शुक्ल ने बताया कि अगले माह में रीवा हवाई अड्डे का लोकार्पण प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा वर्चुअली किया जाएगा।

## प्रदेश–वर्षा बाढ़

प्रदेश में व्यापक वर्षा के चलते नदी नालों में जलस्तर तेजी से बढ़ रहा है। कई जिलों में बाढ़ के हालात बन गए हैं। प्रदेश में मानसून सीजन की करीब पेंतीस प्रतिशत बारिश हो चुकी है। प्रदेश के 9 जिलों में बाढ़ की स्थिति बनने की चेतावनी दी गई है।

टीकमगढ़ में बीते 24 घंटो के दौरान 9 इंच से ज्यादा बारिश हुई। वहीं राजधानी भोपाल में करीब आधा इंच बारिश दर्ज की गई। जबलपुर में रानी अवंति बाई लोधी सागर परियोजना बरगी बांध के जल स्तर को नियंत्रित करने इसके जलद्वारों को कभी भी खोला जा सकता है। परियोजना के मुख्य अभियंता के अनुसार बरगी बांध का जलस्तर कल शाम चार बजे तक 416 मीटर से ऊपर हो गया। बालाघाट जिले में पिछले 5 दिनों के बाद सुबह से बारिश थमने के बाद जन जीवन सामान्य होने लगे है। बारिश थमने के बाद संजय सरोवर भीमगढ़ के सभी गेट पुनः बंद कर दिए गए है। जलग्रहण क्षमता से अधिक जल होने से 7 गेट खोले गए थे। वही वेनगंगा नदी का जल स्तर भी मंगलवार की तुलना में 4 से 5 मीटर कम हो गया है। कटनी शहर में लगातार वर्षा के चलते गाटर घाट, मोहन घाट में कटनी नदी का जल स्तर बढ गया है। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कटनी जिले में अतिवृष्टि के कारण कई स्थानों पर जल भराव की दशा में जिला प्रशासन के अधिकारियों से चर्चा कर जरूरी कदम उठाने के निर्देश दिए हैं। मंडला जिले में दो दिनों से बारिश जारी है।

इन्वेस्ट एमपी–इंटरेक्टिव सत्र

कोयम्बटूर में आयोजित इन्वेस्ट एमपी–इंटरेक्टिव सत्र में 12 सौ से अधिक प्रतिनिधि शामिल हुए और 35 सौ करोड़ रुपए से अधिक के निवेश प्रस्ताव प्राप्त हुए. इस दौरान स्किल्ड मैन पॉवर, टैक्स्टाइल क्लस्टर स्थापित करने और कपास की खेती और इएलएस कॉटन उत्पादन के संबंध में एमओयू हुए. कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री डा मोहन यादव ने भोपाल में होने वाली ग्लोबल इंवेस्टर्स समिट के लिए तमिलनाडु के उद्योगपतियों को आमंत्रित किया। उन्होंने कहा कि फ्यूचर रेडी मध्यप्रदेश में सरकार का सहयोग और जनता का साथ औद्योगिक विकास का आधार है। हम प्रदेश के उद्योग धंधों को वैश्विक सप्लाई चेन का हिस्सा बनाने के विजन पर काम कर रहे हैं। डा यादव ने कहा कि निवेश को सुविधाजनक बनाने के लिए कोयम्बटूर में प्रदेश का उद्योग कार्यालय खोला जाएगा. इंटरेक्टिव सत्र में 25 से अधिक उद्योगपतियों तथा 4 प्रमुख उद्योग संगठनों के साथ वन–टू–वन बैठक की गई।

प्रदेश–प्राकृतिक खेती

प्रदेश में भारत और जर्मनी के सहयोग से हरित सतत विकास भागीदारी कार्यक्रम में चल रही 16 परियोजनाओं में संवहनीय खेती अपनाकर पंचायतें कृषि के क्षेत्र में तेजी से आत्म–निर्भर बन रहीं हैं। आत्मनिर्भर पंचायत–समृद्ध मध्यप्रदेश पर आयोजित तीन दिवसीय कार्यशाला में जनजातीय जिलों की पंचायतों से आई कृषक महिलाओं ने उत्साह से अपनी उपलब्धियां बताई। जनजातीय महिलाओं ने विस्तार से आत्मनिर्भर खेती पर चर्चा की। जलवायु परिवर्तन के खतरो का मध्यप्रदेश कैसे सामना कर समृद्ध हो सकता है इसकी रणनीति पर निरंतर विचार चल रहा है। विभिन्न पंचायतों में चल रहे आदर्श कार्यों की स्थानीय ग्रामीण जनजातीय महिलाओं ने विस्तार से जानकारी दी।

प्रदेश–अतिथि शिक्षक

स्कूल शिक्षा विभाग ने शैक्षणिक सत्र वर्ष 2024–25 में रिक्त पदों के विरूद्ध अतिथि शिक्षकों की व्यवस्था के संबंध में समस्त जिला शिक्षा अधिकारी को दिशा–निर्देश जारी किये है। निर्देशों में कहा गया है कि जिन रिक्तियों के विरूद्ध शासकीय विद्यालयों में शैक्षणिक व्यवस्था के लिये अतिथि शिक्षकों को रखा जाना हैं, ऐसी रिक्तियों को राज्य स्तर से जीएफएमएस पोर्टल पर प्रदर्शित किया जायेगा। जीएफएमएस पोर्टल पर प्रदर्शित रिक्त पद के अतिरिक्त अन्य कोई अतिथि शिक्षक शासकीय विद्यालय में नहीं रखा जा सकेगा। निर्देशों में कहा गया है कि जिन विद्यालयों में रिक्त पद है, वहां उन्हीं शिक्षकों को नियमानुसार रखा जायेगा। अतिथि शिक्षकों से ऑनलाइन ज्वॉइनिंग अपने संबंधित विद्यालय में 7 अगस्त तक अनिवार्य रूप से देने को कहा गया है।

अब कुछ समाचार संक्षेप में .....

- अनुसूचित जनजाति आयोग के अध्यक्ष अंतर सिंह आर्य ने कल डिंडोरी जिले के बिजौरी बैगान टोला के डायरिया फैले एवं मृत्य जनों के परिवारों से घर जाकर चर्चा की। और जिन परिवारों की मृत्यु हुई है उन परिवारों को दो–दो लाख रुपए जिला प्रशासन को राहत राशि देने के निर्देश दिए।
- दमोह जिले ने मिडिल स्कूल और हाई स्कूलों में विद्यार्थियों को पुस्तक वितरण में प्रदेश में द्वितीय स्थान प्राप्त किया है।

- मंदसौर में राजस्व महाअभियान के तहत 31 अगस्त तक शिविर आयोजित किये जाएगें। आज जिले के भरड़ावद, बीड पीथाखेड़ी, दौलतपुरा, भून्याखेड़ी, टिगरिया, ढिकोला, गुर्जरबर्डिया, इशाकपुर एवं लामगरी में शिविर लगाए जाएंगे।
- शिवपुरी जिले में कल पर्यटन क्विज प्रतियोगिता–2024 का आयोजन किया जा रहा है। इसमें जिले के कुल 242 हायर सेकेण्ड्री एवं हाईस्कूल विद्यालयों ने पंजीयन कराया है।
- खाद्य सुरक्षा प्रशासन द्वारा झाबुआ जिले के विभिन्न ग्रामीण क्षेत्रों में लाइसेंस/रजिस्ट्रेशन शिविर का आयोजन किया जाकर सभी खाद्य कारोबारियों के पंजीयन बनाए जा रहे हैं। कल सारंगी में शिविर का आयोजन किया गया।
- "मां तुझे प्रणाम योजना" अंतर्गत आगरमालवा जिले की चयनित बारह बालिकाओं का दल कल भोपाल से राजस्थान में अंतरराष्ट्रीय सीमा तानोत माता लोंगेवाला भ्रमण के लिए रवाना हो गया।
- निवाड़ी कलेक्टर अरुण कुमार विश्वकर्मा ने आंगनवाड़ी केन्द्र मुड़ारा में व्यवस्थाओं का जायजा लिया तथा बच्चों से संवाद भी किया।

--------------------------------

## न्यूज फॉर हिन्दी वैब -

### (1) प्रदेश-कारगिल विजय दिवस

**प्रदेश में कारगिल के षहीदों की याद में कार्यक्रमों का आयोजन किया गया है। इंदौर जिले में स्टेशन मुख्यालय महू छावनी एवं सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय के केन्द्रीय संचार ब्यूरो द्वारा कारगिल विजय दिवस-रजत जयंती महोत्सव का आयोजन किया जा रहा हे। इस अवसर पर स्टेशन मुख्यालय महू छावनी द्वारा हथियार एवं उपकरणों का प्रदर्शन किया जाएगा। साथ ही भारतीय सेना के जवानों द्वारा पाईप बैंड की प्रस्तुति की जाएगी। इस अवसर पर वीर नारी सम्मान भी किया जाएगा। इस दौरान कारगिल वार पर केन्द्रित दो दिवसीय प्रदर्शनी भी लगाई जा रही है। प्रदर्शनी के दौरान शासकीय कलाकारों द्वारा सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दी जाएगी। आंगतुको के लिए प्रश्नमंच का आयोजन होगा, सही जवाब देने वाले पुरस्कृत होगे।**

### (2) प्रदेश-वर्षा बाढ़

**प्रदेश में व्यापक वर्षा के चलते नदी नालों में जलस्तर तेजी से बढ़ रहा है। कई जिलों में बाढ़ के हालात बन गए हैं। प्रदेश में मानसून सीजन की करीब पेंतीस प्रतिषत बारिश हो चुकी है। प्रदेश के 9 जिलों में बाढ़ की स्थिति बनने की चेतावनी दी गई है। टीकमगढ़ में बीते 24 घंटो के दौरान 9 इंच से ज्यादा बारिश हुई। वहीं राजधानी भोपाल में करीब आधा इंच बारिश दर्ज की गई। जबलपुर में रानी अवंति बाई लोधी सागर परियोजना बरगी बांध के जल स्तर को नियंत्रित करने इसके जलद्वारों को कभी भी खोला जा सकता है। परियोजना के मुख्य अभियंता के अनुसार बरगी बांध का जलस्तर कल शाम चार बजे तक 416 मीटर से ऊपर हो गया। बालाघाट जिले में पिछले 5 दिनों के बाद सुबह से बारिश थमने के बाद जन जीवन सामान्य होने लगे है। बारिश थमने के बाद संजय सरोवर भीमगढ़ के सभी गेट पुनः बंद कर दिए गए है। जलग्रहण क्षमता से अधिक जल होने से 7 गेट खोले गए थे। वही वेनगंगा नदी का जल स्तर भी मंगलवार की तुलना में 4 से 5 मीटर कम हो गया है। कटनी शहर में लगातार वर्षा के**

चलते गाटर घाट, मोहन घाट में कटनी नदी का जल स्तर बढ गया है। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कटनी जिले में अतिवृष्टि के कारण कई स्थानों पर जल भराव की दशा में जिला प्रशासन के अधिकारियों से चर्चा कर जरूरी कदम उठाने के निर्देश दिए हैं। मंडला जिले में दो दिनों से बारिष जारी है।

(3) इन्वेस्ट एमपी-इंटरेक्टिव सत्र

कोयम्बटूर में आयोजित इन्वेस्ट एमपी-इंटरेक्टिव सत्र में 12 सौ से अधिक प्रतिनिधि शामिल हुए और 35 सौ करोड़ रुपए से अधिक के निवेश प्रस्ताव प्राप्त हुए. इस दौरान स्किल्ड मैन पॉवर, टैक्स्टाइल क्लस्टर स्थापित करने और कपास की खेती और इएलएस कॉटन उत्पादन के संबंध में एमओयू हुए. कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री डा मोहन यादव ने भोपाल में होने वाली ग्लोबल इंवेस्टर्स समिट के लिए तमिलनाडु के उद्योगपतियों को आमंत्रित किया। उन्होंने कहा कि फ्यूचर रेडी मध्यप्रदेश में सरकार का सहयोग और जनता का साथ औद्योगिक विकास का आधार है। हम प्रदेश के उद्योग धंधों को वैश्विक सप्लाई चेन का हिस्सा बनाने के विजन पर काम कर रहे हैं। डा यादव ने कहा कि निवेश को सुविधाजनक बनाने के लिए कोयम्बटूर में प्रदेश का उद्योग कार्यालय खोला जाएगा. इंटरेक्टिव सत्र में 25 से अधिक उद्योगपतियों तथा 4 प्रमुख उद्योग संगठनों के साथ वन-टू-वन बैठक की गई।

(4) प्रदेश-अतिथि शिक्षक

स्कूल शिक्षा विभाग ने शैक्षणिक सत्र वर्ष 2024-25 में रिक्त पदों के विरूद्ध अतिथि शिक्षकों की व्यवस्था के संबंध में समस्त जिला शिक्षा अधिकारी को दिशा-निर्देश जारी किये है। निर्देशों में कहा गया है कि जिन रिक्तियों के विरूद्ध शासकीय विद्यालयों में शैक्षणिक व्यवस्था के लिये अतिथि शिक्षकों को रखा जाना हैं, ऐसी रिक्तियों को राज्य स्तर से जीएफएमएस पोर्टल पर प्रदर्शित किया जायेगा। जीएफएमएस पोर्टल पर प्रदर्शित रिक्त पद के अतिरिक्त अन्य कोई अतिथि शिक्षक शासकीय विद्यालय में नहीं रखा जा सकेगा। निर्देशों में कहा गया है कि जिन विद्यालयों में रिक्त पद है, वहां उन्हीं शिक्षकों को नियमानुसार रखा जायेगा। अतिथि शिक्षकों से ऑनलाइन ज्वॉइनिंग अपने संबंधित विद्यालय में 7 अगस्त तक अनिवार्य रूप से देने को कहा गया है।

(5) रीवा-सफेद शेर

रीवा ज़िले के गोविन्दगढ़ में सफेद शेरों के ब्रीडिंग संेटर का कार्य शीघ्र प्रारंभ होगा। उप मुख्यमंत्री राजेन्द्र शुक्ल ने कल गोविंदगढ़ में कहा कि क्षेत्र की पहचान सफेद शेर से है। विन्ध्य क्षेत्र में सफेद शेरों की वापसी हो गई है। शीघ्र ही गोविंदगढ़ में पूर्व से स्वीकृत सफेद शेर के ब्रीडिंग संेटर का कार्य प्रारंभ होगा। उन्होंने कहा कि अमिलकी

की नहर की पुलिया के घुमाव को सीधा कराया जाएगा तथा गोविंदगढ़ घाट की सड़क का सुधार कार्य तत्काल होगा। उन्होंने कहा कि रीवा जिले में बाणसागर की नहरों से तीन लाख एकड़ क्षेत्र में सिंचाई हो रही है। आने वाले पाँच वर्षों में 9 लाख एकड़ क्षेत्र में सिंचाई की सुविधा मिलेगी। श्री शुक्ल ने बताया कि अगले माह में रीवा हवाई अड्डे का लोकार्पण प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा वर्चुअली किया जाएगा।

--------------------